


हिंदी मासिक अंक 02 वर्ष 11 मई 2025

अक्षय किरण



# किशोरियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम : विधायक दीप्ति माहेश्वरी का प्रेरणादायक संबोधन




महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के महत्वाकांक्षी एवं पायलट प्रोजेक्ट 'मराठवाड़ा उड़ान 2025' किशोरियों के त्रिदिवसीय निवासी शिविर का शुभारंभ रविवार को बीड शहर में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी (राजसमंद, राजस्थान) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिविर में प्रदेश, बीड जिला एवं बीड तहसील के सभी पदाधिकारी, 320 किशोरियाँ, श्री रमेशजी परतानी, श्री रामनिवास जी मानधनी (अध्यक्ष - माहेश्वरी बोर्ड) सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, महेश पूजन, बांसुरी वादन एवं महेश वंदना के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने किशोरियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, “जीवन के लक्ष्य समय एवं परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। करियर और पारिवारिक जीवन में संतुलन आवश्यक है। कई बार नियति हमें ऐसे कार्यों की ओर ले जाती है, जिनकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की होती। हमें अपने डर और चिंताओं पर विचार कर उन्हें मन से निकालने का प्रयास करना चाहिए। मन और मस्तिष्क की उलझनों से बाहर निकलकर आगे बढ़ना चाहिए।”

उन्होंने आगे कहा, “गांवों और छोटे शहरों में भी भविष्य निर्माण के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। कुछ भी असंभव नहीं है, आवश्यकता है अवसरों को पहचानने और उनका लाभ उठाने की। इसके लिए परिश्रम, नियोजन और सहयोग आवश्यक है। अपने माता-पिता एवं परिवार के योगदान को सदैव स्मरण रखें, बड़ों का सम्मान करें, व्यवहार में नम्रता रखें और स्वयं की क्षमता एवं स्वाभिमान पर विश्वास रखें, यही सफलता का मार्ग है।”





# राजसमंद क्षेत्र को मिली 10 करोड़ की सड़क स्वीकृतियाँ, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जताया आभार



**राजसमंद**, सोमवार। विधायक **दीप्ति किरण माहेश्वरी** ने जानकारी दी है कि राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा राज्य बजट की घोषणाओं की अनुपालना में राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में **मरम्मत के अयोग्य एवं संपर्क विहीन सड़कों** के नव निर्माण हेतु **10 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।**

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बताया कि राजसमंद क्षेत्र में वर्षों से उपेक्षित, जर्जर एवं संपर्कविहीन सड़कों को लेकर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों की लम्बे समय से की जा रही मांग को राजस्थान सरकार ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। इसी के अंतर्गत 30 किलोमीटर से अधिक लंबाई की 15 महत्वपूर्ण सड़कों के नव निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिन पर कुल 10 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

प्रमुख सड़कों में **काबरा कोटड़ी से ब्रह्मपुरी मोहल्ला होते हुए** जाने वाली 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य 70 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत हुआ है। इसी प्रकार, **राष्ट्रीय राजमार्ग** 758 से मादड़ी, मोही, सोनियाणा एवं पाण्डोलाई को जोड़ने वाली सड़क के 2.5 किमी खंड हेतु 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**एमड़ी बाईपास**, जो क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने में सहायक सिद्ध होगा, उसके लिए 2.8 किमी लंबाई पर 120 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। **वणाई से मादड़ा को जोड़ने वाली 3.2 किमी सड़क के लिए 50 लाख, जबकि परवेड़ा से बेहड़ा वाया नया तालाब एवं नाड़ा** की **1.5 किमी सड़क हेतु 23 लाख की स्वीकृति जारी की गई है।**

**दोवड़ से काड़ों का तालाब होते हुए कास्या की भागल व बेहड़ा तक** की सड़क के 3.1 किमी हिस्से के लिए 47 लाख, तथा **डीप्टी गांव की संपर्क सड़क** के लिए 20 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

**कोलपुरा की संपर्क सड़क** को भी इस योजना में शामिल किया गया है, जिसकी लंबाई 2 किमी है और इसके लिए 70 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी तरह **केलवा से खटामला होते हुए बागडुन्दा तक** की 0.3 किमी सड़क, और **मोरचना से मुण्डोल वाया बोरज** तक की सड़क – इन दोनों के लिए 15-15 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है।

**कुँवारिया गांव की संपर्क सड़क** को सुदृढ़ करने हेतु 0.5 किमी मार्ग के लिए 50 लाख, जबकि **कनावदा रा.उ.प्रा.वि. से आबादी सीमा तक की 1 किमी लंबी सड़क के लिए 45 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।**

**हनुमानजी मंदिर से देवपुरिया होते हुए मामा मार्मो तक** की 1.5 किमी सड़क के लिए 67.5 लाख, **बिनोल की वन चौकी से जाटियाखेड़ा तक** की 3 किमी सड़क हेतु 141 लाख, तथा **छुर बस्ती खंडेल क्षेत्र की 3.2 किमी सड़क हेतु 150 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।**

इसी श्रृंखला में **सुन्दरचा से उरी भीमेला तक** की 1.7 किमी सड़क का निर्माण भी अब 76.5 लाख की लागत से होगा।

इन समस्त सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं एवं कृषि परिवहन को गति मिलेगी तथा आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।

इसके अतिरिक्त, **अटल पथ योजना** के तहत **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोही से पावर हाउस तक** 1.20 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए **109 लाख रुपये की अलग से स्वीकृति जारी की गई है, जो स्वास्थ्य सेवाओं तक शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने में सहायक होगी।**

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने इन सभी विकास कार्यों को राजसमंद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताया और इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

# खेल जगत में अपना परचम लहरा रहा है नया भारत

**राजसमंद, रविवार।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा "मन की बात" कार्यक्रम में *खेलो इंडिया प्रतियोगिता* के अंतर्गत राजस्थान के पदक तालिका में **तृतीय स्थान** प्राप्त करने पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित किए जाने पर **राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी** ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि **मोदी सरकार एवं प्रदेश की भाजपा सरकार** के प्रयासों से खेलों के क्षेत्र में खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं और प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर **नवीन उपलब्धियां** अर्जित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने कार्यक्रम में राजस्थान के **प्रसिद्ध खिलाड़ी श्री हंसराज जी** के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया जाना समूचे प्रदेश और विशेष रूप से खेल क्षेत्र से जुड़े युवाओं के लिए **गौरव का विषय** है। यह न केवल एक **प्रेरणादायक उदाहरण** है, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी उत्साहवर्धक संकेत है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी **खेल नीति** ने देश में खेलों को लेकर एक नई चेतना का संचार किया है। खिलाड़ियों की कठोर मेहनत, अनुशासन और **अदम्य संकल्पशक्ति** के साथ अब उन्हें एक **मजबूत प्रणाली और संसाधन** भी उपलब्ध हो रहे हैं। '**खेलो इंडिया**' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में **खेल संस्कृति का निरंतर सशक्तिकरण** हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर अपना परचम लहरा रहा है।

राजसमंद विधायक ने **राजस्थान की खेल प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाने** और उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** का **हृदय से आभार** व्यक्त किया और आशा जताई कि आगामी वर्षों में राजस्थान के खिलाड़ी और भी बड़ी सफलताएं अर्जित करेंगे।



## विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने शिर्डी प्रवास के दौरान श्री विट्ठल दास बालकृष्ण असावा को किया सम्मानित, भारत की विजय एवं वैश्विक महाशक्ति बनने की कामना की

शिर्डी। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अपने शिर्डी प्रवास के दौरान श्री विट्ठल दास बालकृष्ण असावा द्वारा कृषि नवाचार एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण पर लिखित पुस्तिका भेंट करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री असावा का कार्य कृषि क्षेत्र में नवाचार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है। उल्लेखनीय है कि श्री विट्ठल दास बालकृष्ण असावा को महाराष्ट्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में जैविक खेती एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'महाराष्ट्र कृषि भूषण' सम्मान से सम्मानित किया गया है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शिर्डी साईं बाबा की आरती के दर्शन कर देश के लिए प्रार्थना की। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की विजय के लिए ईश्वर का धन्यवाद ज्ञापित किया और भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की कामना की।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्री विट्ठल दास बालकृष्ण असावा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके नवाचारों को देश के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।